## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक – 13.12.2025 (सुबह – 0830 बजे)

### मुख्य समाचार

1. केन्द्रीय कैबिनेट ने उच्च शिक्षा के लिए एक ही नियामक बनाने संबंधी विधेयक को दी मंजूरी, यूजीसी और एआईसीटीई जैसी संस्थाओं की जगह अब होगा विकसित भारत शिक्षा अधीक्षण।।
2. स्विट्जरलैंड में अगले महीने आयोजित होने वाले वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में पहली बार जायेगा झारखंड का प्रतिनिधिमंडल, केन्द्र ने किया अधिकृत।
3. राज्य में मादक पदार्थों की बढ़ती खरीद–बिक्री पर झारखंड हाईकोर्ट गंभीर, डीजीपी और एनसीबी के जोनल डायरेक्टर को किया तलब।
4. राजधानी रांची समेत राज्यभर में पश्चिमी विक्षोभ के कारण बढ़ी कनकनी, कई इलाके शीतलहर की चपेट में, रांची के कांके का तापमान तीन डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा।
5. भारत–नेपाल दिव्यांगजन टी–20 क्रिकेट सीरीज आज से रांची में, भारतीय टीम में झारखंड के तीन खिलाड़ी शामिल।

*********************

केन्द्रीय कैबिनेट ने उच्च शिक्षा का एक ही नियामक बनाने संबंधी विधेयक को मंजूरी दे दी है। यह विश्वविद्यालय अनुदान आयोग–यूजीसी, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद–एआईसीटीई और राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद–एनसीटीई की जगह लेगा। अब इस एक नियामक का नाम विकसित भारत शिक्षा अधीक्षण होगा। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विणी वैष्णव ने कैबिनेट के फैसले की जानकारी दे ते हुए बताया कि निर्बाध, कुशल और पारदर्शी उपयोग के लिए कोयला खंडों की नीलामी नीति कोल–सेतु को भी स्वीकृति दी गयी है। इससे विभिन्न औद्योगिक उपयोगों और निर्यात के लिए कोयला खंडों की नीलामी के लिए एक नया माध्यम तैयार हो गया है। इसका उद्देश्य संसाधन की निष्पक्ष उपलब्धता और अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करना है।

*********************

स्विट्जरलैंड के दावोस में 19 जनवरी 2026 से पांच दिवसीय वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम होगा। इस बार केन्द्र सरकार झारखंड को इस फोरम में शामिल होने के लिए अधिकृत किया है। इसमें शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल स्विट्जरलैंड जायेगा। राज्य सरकार ने इसकी तैयारी शुरु कर दी है। इस फोरम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भी शामिल होने की उम्मीद है।

*********************

दिल्ली के रामलीला मैदान में कल होने वाली कांग्रेस की रैली में शामिल होने के लिए झारखंड से बड़ी संख्या में पार्टी नेता और कार्यकर्ता दिल्ली रवाना हो गये हैं। दिल्ली रवाना होने से पूर्व राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की मीडिया से बातचीत में भाजपा पर वोट चोरी का आरोप लगाया।

*********************

इधर, भाजपा ने राज्य सरकार को भ्रष्टाचार के मुद्दे पर घेरा है। पार्टी के मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल ने आरोप लगाया कि ग्रामीण कार्य विभाग में टेंडर का खेल चल रहा है। श्री जायसवाल ने कहा कि पैसों के लिए टेंडर को लंबे समय तक लटकाये रखा जाता है, जिससे विकास योजनाएं प्रभावित होती हैं।

*********************

राजधानी रांची सहित राज्यभर में मादक पदार्थों की बढ़ती खरीद– बिक्री पर झारखंड हाईकोर्ट गंभीर है। अदालत ने स्वतः संज्ञान लेते हुए इस मामले की सुनवाई करते हुए कड़ी नाराजगी व्यक्त की। अदालत ने

डीजीपी एवं नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो –एनसीबी के जोनल डायरेक्टर को अगली सुनवाई 19 दिसंबर को सशरीर उपस्थित रहने को कहा है।

*********************

झारखंड के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान आज दुमका में राज्य विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से आयोजित होने वाले स्टेट लेवल लीगल सर्विसेज कम एंपावरमेंट कैंप में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वे दुमका से ही झारखंड के सभी जिलों में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालतों का ऑनलाइन उद्घाटन भी करेंगे। दुमका के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुधांशु कुमार शशि ने कल देर शाम संवाददाताओं को बताया कि कार्यक्रम के मद्धेनजर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

**साउंड बाइट– सुधांशु कुमार शशि, दुमका ऑन झारखंड चीफ जस्टिस आगमन – 18 सेकेंड**

*********************

पाकुड़ में अधिकारी के फर्जी हस्ताक्षर कर 12 करोड़ 38 लाख 66 हजार रुपये की अवैध निकासी के एक मामले में कल्याण विभाग में कार्यरत तीन सरकारी सेवकों सहित दो दर्जन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। समेकित जनजाति विकास अभिकरण के निदेशक अरुण एक्का द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराये जाने के बाद पुलिस ने जिला कल्याण कार्यालय में कार्यरत कम्प्यूटर ऑपरेटर सूरज कुमार केवट, प्रधान सहायक मानवेन्द्र झा और अनुसेवक अक्षय रविदास को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

*********************

गिरिडीह जिले में अवैध खनन, अवैध परिवहन और अवैध भंडारण के खिलाफ गिरिडीह उपायुक्त के निर्देश पर लगातार कार्रवाई जारी है । पिछले 15 दिनों से गिरिडीह जिले के अलग अलग इलाकों में अवैध खनन के खिलाफ लगातार सख्ती बरती जा रही है। उपायुक्त रामनिवास यादव ने बताया कि किसी भी सूरत में अवैध खनन बर्दाश्त नही किया जाएगा।

*********************

केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने देश के अनेक युवाओं की तकदीर बदल दी है। रांची के कृष्णा कुमार ने भी योजना का लाभ लेकर अपने आप को आर्थिक रूप से सशक्त किया है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*********************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में पश्चिमी विक्षोभ के कारण कनकनी बढ़ गयी है। उत्तर–पश्चिम और उत्तर–पूर्व से चल रही ठंडी हवा से राज्य के कई इलाके शीतलहर की चपेट में हैं। न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। रांची का न्यूनतम तापमान 8 दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस पर रहा जबकि कांके का न्यूनतम पारा तीन डिग्री पर आ गया है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के अनुसार तीन दिन बाद न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है। इससे लोगों को ठंड से थोड़ी राहत मिल सकती है।

*********************

भारत–नेपाल दिव्यांगजन टी–20 क्रिकेट सीरीज आज से रांची में शुरु हो रहा है। यह सीरीज तीन मैचों की होगी। सभी मैच अनगड़ा स्थित अमिताभ चौधरी क्रिकेट स्टेडियम रांची में खेला जायेगा। भारतीय टीम में रांची के विजय कुमार महतो और चंदन लोहरा के अलावा साहिबगंज के शौकत अली भी शामिल हैं।

**********************

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने केन्द्रीय कैबिनेट द्वारा जनगणना 2027 के लिए 11 हजार 718 करोड़ रुपये मंजूर करने की खबर को प्रमुखता दी है।

**दैनिक भास्कर** की सुर्खी है– पूर्व मंत्री रामेश्वर उरांव ने कब्जे वाली जमीन की फेंसिंग तोड़ी, रिम्स को सौंपी।

**हिन्दुस्तान** ने लिखा है– राज्यभर के बाजारों में पॉलिथीन इस्तेमाल पर सीसीटीवी से नजर।

**प्रभात खबर** के शब्द हैं– जेपीएससीः दो साल बाद प्लस टू स्कूलों के प्राचार्य नियुक्ति का विज्ञापन रद्द।

**दैनिक जागरण** लिखता है– इंडिगो पर अंकुश के लिए सरकार के तीन कड़े कदम।

*********समाप्त*************